संपादक :- रंजीत सिंह
RNI No-UPHIN/2001/03844

साप्ताहिक

# राष्ट्रीय मानवाधिकार

संपर्क सूत्र- 9779193694, email- rashtriyamanvadhikar@gmail.com



वर्ष : 26 अंक : 15 | मेरठ, मंगलवार, 04 अगस्त 2026 | पृष्ठः 04 | मूल्य : एक रूपया

## किसानों के लिए खाद की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निदेर्श: योगी

» एजेंसी। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश विधानमंडल का मानसून सत्र प्रारंभ होने से पहले सोमवार को पत्रकारों से वार्ता की। उन्होंने गरीब, युवा, महिला व किसान के मुद्दे पर विपक्ष को खरी-खरी सुनाते हुए कहा कि ये सभी डबल इंजन सरकार की प्राथमिकता में हैं। मुख्यमंत्री ने राम मंदिर के चढ़ावा चोरी पर भी विरोधी दलों के नेताओं पर सवालिया निशाना खड़ा करते हुए कहा कि जो लोग अयोध्या के मुद्दे को उठा रहे हैं, उन्होंने जयश्रीराम बोलने पर रामभक्तों पर लाठी-गोली चलवाई थी। राम मंदिर के खिलाफ न्यायालय में वकीलों की फौज खड़ी करके इसे बाधित करने का कुत्सित प्रयास किया। राम मंदिर में चंदा चोरी की बात वे लोग कर रहे हैं, जिनके जेब से मंदिर निर्माण के लिए एक पैसा भी नहीं निकला। देश-दुनिया इनका दोहरे चरित्र देख रही है।

सीएम ने बड़ी घोषणा की कि सरकार एक-डेढ़ सप्ताह में आउटसोर्स कमीशन को लागू करने के साथ ही न्यूनतम मानदेय सुनिश्चित करने जा रही है। आंगनवाड़ी व





आशा कार्यकतार्ओं, रसोइयों व ग्राम चौकीदारों को भी उचित मानदेय प्राप्त हो और उनकी सेवाएं प्रदेश के हित को संवर्धित करने के लिए कार्य करें, इसके लिए अनुपूरक बजट का सहारा लिया गया है।

मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि जिन लोगों के समय में किसानों के हितों पर कुठाराघात हुआ, जिन्होंने किसानों को खेत के लिए पानी नहीं दिया। उनके हक पर बिचौलियों का वर्चस्व स्थापित कराया और किसानों को असुरक्षित करते हुए उनके जीवन में बदहाली लाने का पाप किया। ऐसे दोहरे चरित्र वाले लोग आज किसान की बात करके उनके जले पर नमक छिड़क रहे हैं। पीएम मोदी जी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना जिसके तहत यूपी में 24 लाख हेक्टेयर भूमि में अतिरिक्त सिंचाई की सुविधा दी गई, समेत कई योजनाएं चल रही हैं।

किसान अब तीन-चार फसलें लगा रहा है। पैक हाउस के माध्यम से औद्यानिक फसलों का विभिन्न देशों में निर्यात हो रहा है। सीएम ने किसानों के मुद्दे पर सपा को घेरा और अपनी सरकार में गन्ना किसानों के लाभों को भी गिनाया। उन्होंने कहा कि 2007 से 2017 के बीच 29 चीनी मिलें बंद हुईं, 21 चीनी मिलें औने-पौने दाम पर बेच दी गईं, लेकिन हमारी सरकार में 3.23 लाख करोड़ से अधिक का गन्ना मूल्य भुगतान हुआ है। 122 में से 105 से अधिक चीनी मिलें चौथे-पांचवें दिन ही किसानों के खाते में गन्ना मूल्य का भुगतान कर रही हैं। समाजवादी पार्टी के समय में 10 वर्ष का गन्ना मूल्य बकाया था। ये लोग किसानों के हितों का संरक्षण करने के बजाय उन्हें आत्महत्या और पलायन के लिए मजबूर करते थे। उस समय किसानों के ट्यूबवेल तक सुरक्षित नहीं थे। सरकार आज 16 लाख ट्यूबवेल को निशुल्क बिजली उपलब्ध करा रही है। कुछ जगहों पर पोर्टल की तकनीकी समस्या आई थी, लेकिन विभाग को किसानों के लिए खाद की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सत्र हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए सदन के समय का बेहतर उपयोग हो। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रदेश के हित और 25 करोड़ आमजन के विकास के लिए विधानमंडल की कार्यवाही को शांतिपूर्ण ढंग से चलाने के लिए विपक्ष के साथी नकारात्मकता की राजनीति को छोड़कर प्रदेश के विकास व समृद्धि में योगदान देंगे।

सीएम ने कहा कि विधायिका आमजन की आवाज को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम होती है। संसदीय प्रणाली में विधायिका गरीब, किसान, युवा और महिला से जुड़े मुद्दों पर चर्चा, समीक्षा और परिणाम तक पहुंचाने का सबसे अच्छा प्लेटफॉर्म है। हर जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र की समस्या को रखकर सरकार से समाधान का रास्ता निकलवा सकता है। इस प्लेटफॉर्म का बेहतर उपयोग हो, यह भाजपा नेतृत्व की एनडीए सरकार की सदैव प्राथमिकता रही है। सीएम ने कहा कि 9 वर्ष में संवाद और जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों की समीक्षा करने के उपरांत बनी योजनाओं के माध्यम से ही सरकार बेहतर काम कर सकी है।

### विधानमंडल के सत्र से पहले सपा का प्रदर्शन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानमंडल के मानसून सत्र की शुरुआत से पहले मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायकों और विधान परिषद सदस्यों ने विधान भवन परिसर में अयोध्या के राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी समेत कई मुद्दों को लेकर प्रदर्शन किया। विधान भवन परिसर में चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के सामने बड़ी संख्या में सपा सदस्यों ने तख्तियां, बैनर और पोस्टर लेकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान सपा सदस्यों ने अयोध्या के राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी, पिछले दस वर्षों में प्रदेश में 26 हजार से अधिक सरकारी विद्यालय बंद किए जाने, राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) का प्रश्नपत्र लीक होने, कानून-व्यवस्था की कथित बदहाली तथा अन्य जनसरोकारों से जुड़े मुद्दे उठाए। कुछ सदस्यों ने विरोध के प्रतीकात्मक रूप से अपने सिर पर 'चंदा पेटिका' लिखे दानपात्र भी रखे थे।

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'अर्पण केंद्र' का किया शुभारंभ

» एजेंसी। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को पंजाबी बाग वेस्ट मेट्रो स्टेशन पर 'अर्पण केंद्र' का शुभारंभ किया। यह पहल दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) एवं दिल्ली मेट्रो लेडीज वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन के सहयोग से शुरू की गई है। इसका उद्देश्य पुराने उपयोग योग्य वस्त्रों का संग्रह, रीयूज, रीसाइक्लिंग और अपसाइक्लिंग को बढ़ावा देना है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने क्यूआर कोड आधारित डिजिटल प्रणाली के माध्यम से वस्त्र दान प्रक्रिया का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित दिल्ली का निर्माण केवल सड़कों, पुलों और मेट्रो लाइनों से नहीं होता, बल्कि जिम्मेदार नागरिकों, संसाधनों के सम्मान और पर्यावरण संरक्षण की सामूहिक भावना से होता है। जब अपशिष्ट को संसाधन में बदला जाता है और विकास के साथ प्रकृति का संरक्षण सुनिश्चित किया जाता है, तभी वास्तविक अर्थों में विकसित समाज का निर्माण होता है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि पुराने वस्त्रों का रीसाइक्लिंग केवल कचरा कम करने का माध्यम नहीं है, बल्कि जल, ऊर्जा और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का भी प्रभावी उपाय है। प्रत्येक नागरिक द्वारा दान किया गया एक वस्त्र पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ किसी जरूरतमंद के जीवन में भी सकारात्मक बदलाव ला सकता है।

उन्होंने बताया कि इस परिकल्पना के तहत दिल्ली मेट्रो के





10 प्रमुख स्टेशनों पर ये केंद्र स्थापित किए जा रहे है। जिसमें पहले चरण के तहत आज 5 प्रमुख स्टेशनों, शालीमार बाग, पंजाबी बाग वेस्ट, मयूर विहार फेस-1, शाहदरा और रोहिणी वेस्ट पर अर्पण केंद्रों की शुरुआत कर दी गई है। इसके लिए संबंधित संस्थाओं के बीच औपचारिक समझौता ज्ञापन भी हस्ताक्षरित हो चुका है। सभी चयनित मेट्रो स्टेशनों पर टेक्सटाइल कलेक्शन-कम-सेल कियोस्क स्थापित किए जा रहे हैं, जहां नागरिक अपने उपयोग योग्य पुराने वस्त्र दान कर सकेंगे।

नागरिकों की सुविधा के लिए वस्त्र दान की पूरी प्रक्रिया को डिजिटल एवं पारदर्शी बनाया गया है। दानकर्ता क्यूआर कोड आधारित प्रणाली के माध्यम से आसानी से अपने पुराने कपड़े दान कर सकेंगे और उन्हें डिजिटल रिसिप्ट भी प्राप्त होगी। इससे अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें महिला स्वयं सहायता समूहों को सक्रिय रूप से जोड़ा गया है। इन केंद्रों के संचालन, वस्त्रों के संग्रहण, पृथक्करण, पुनर्चक्रण और अपसाइक्लिंग की प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, जिससे उनके लिए सम्मानजनक आजीविका एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तीकरण का यह समन्वित मॉडल दिल्ली के सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## विद्यालय के बाहर जलभराव और अतिक्रमण से छात्रों को परेशानी, ग्रामीणों ने की समाधान की मांग

» संवाददाता

गुरुग्राम । जनपद की तहसील पटौदी के गांव मऊ-लोकरी स्थित राजकीय उच्च विद्यालय के बाहर सार्वजनिक सड़क पर जलभराव और कथित अतिक्रमण की समस्या से विद्यार्थियों, शिक्षकों और ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार विद्यालय के बाहर लगभग 40 फीट चौड़ी सार्वजनिक सड़क का एक हिस्सा कथित अतिक्रमण तथा जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण प्रभावित हो गया है। इसके चलते सड़क पर अक्सर पानी भर जाता है, जिससे विद्यालय







आने-जाने वाले छात्रों और आम नागरिकों को कठिनाई होती है।स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के दौरान स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। सड़क पर पानी और कीचड़ जमा होने से छोटे बच्चों को उसी रास्ते से होकर विद्यालय पहुंचना पड़ता है, जिससे दुर्घटना और स्वास्थ्य संबंधी जोखिम बढ़ जाता है।

ग्रामीणों के मुताबिक इस समस्या के समाधान के लिए कई बार संबंधित पक्षों से अनुरोध किया जा चुका है। विद्यालय के मुख्य अध्यापक ने भी इस संबंध में बातचीत की, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हो सका है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि संबंधित विभाग मौके का निरीक्षण कर निष्पक्ष जांच कराए। यदि जांच में अतिक्रमण या जल निकासी की समस्या की पुष्टि होती है तो नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए विद्यालय के बाहर सुरक्षित एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित किया जाए।

# सम्पादकीय

## भाजपा को झटका

विधानसभा के हालिया उपचुनावों के जो परिणाम सामने आए हैं, वे निश्चित रूप से भारतीय जनता पार्टी के माथे पर शिकन लाने वाले कहे जा सकते हैं। बिहार जहां भाजपा के नेतृत्व में गठबंधन सरकार है और पहली बार उसका मुख्यमंत्री बना है, वहां हाईप्रोफाइल बांकीपुर उपचुनाव में उसे हार का सामना करना पड़े तो इसको लेकर पार्टी की फिक्र बढ़ना लाजमी ही है। पिछले बिहार विधानसभा चुनावों में नई-नवेली बनी जन सुराज पार्टी यानी जे.एस.पी की करारी हार हुई थी। उस हार से सबक लेकर जेएसपी के सुप्रीमो प्रशांत किशोर ताल ठोककर बांकीपुर उपचुनाव मैदान में उतरे थे। इस तरह प्रशांत किशोर ने बांकीपुर उपचुनाव में अच्छी जीत हासिल करके भाजपा के गढ़ में सेंध लगाने में कामयाबी हासिल कर ही ली। राज्य में सत्ताधारी गठबंधन का नेतृत्व करने वाली भारतीय जनता पार्टी के लिये चुनाव परिणाम और भी अधिक कष्टदायक होगा, क्योंकि यह पार्टी के खाते वाली सीट थी। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने नितिन नवीन के राज्यसभा के लिये चुने जाने के बाद यह सीट खाली हुई थी। जाहिर तौर पर यह सामान्य विधानसभा सीट नहीं थी, इसको फिर से हासिल करना भाजपा की प्राथमिकता भी रही होगी। कमोबेश भाजपा के लिये ऐसी ही निराशाजनक खबरें अन्य राज्यों से भी आई हैं। लंबे समय से भाजपा का गढ़ माने जाने वाले एक और राज्य मध्यप्रदेश में भाजपा उम्मीदवार को हार मिली। मध्य प्रदेश की दतिया सीट कांग्रेस ने कब्जा ली है। दरअसल, इस सीट में उपचुनाव में टिकट बंटवारे को लेकर खासा बवाल हुआ था। पिछली भाजपा सरकार में इस सीट से एक दिग्गज मंत्री बने थे। इस बार उनको टिकट न मिलने पर उग्र प्रदर्शन व धरने हुए थे। इस बड़े विवाद का फायदा कांग्रेस के प्रत्याशी को हुआ। हां, भाजपा के लिए एक सुकूनभरी खबर गुजरात से आई। पार्टी के इस परंपरागत गढ़ में उपचुनाव के बाद, वडोदरा जिले की मंजलपुर विधानसभा सीट पर पार्टी ने अपना कब्जा बरकरार रखा। बहरहाल, बिहार में बांकीपुर सीट को खो देना भाजपा को परेशान करने वाला जरूर है। बांकीपुर का बदला जनादेश न सिर्फ नितिन नवीन के लिये, बल्कि बिहार में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के लिये भी असहज करने वाली स्थिति है। दरअसल, प्रचार के दौरान प्रशांत किशोर ने स्थानीय मुद्दों के साथ मुख्यमंत्री पर तीखे हमले किये थे। उन्होंने राज्य में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और कानून-व्यवस्था जैसे अहम मुद्दों को लगातार विभिन्न मंचों से उठाया था। जाहिर है अब मुख्यमंत्री को पार्टी के भीतर ही जवाबदेही को लेकर मुश्किल स्थिति का सामना करना होगा।

# जाम एवं पार्किंग समस्या के स्थायी समाधान के लिए एक सप्ताह में कार्ययोजना तैयार करें: नंद किशोर कलाल

» संवाददाता



गाजियाबाद। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल ने आरडीसी क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण करने के साथ ही जाम एवं पार्किंग की समस्या के स्थाई समाधान के लिए एक सप्ताह में कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये। जीडीए उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल, सचिव विवेक मिश्रा, विशेष कार्याधिकारी राजीव रतन सिंह एवं अभियंत्रण टीम के साथ राजनगर डिस्ट्रिक्ट सेंटर (आरडीसी) क्षेत्र का विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य आरडीसी क्षेत्र में बढ़ते यातायात, जाम, अव्यवस्थित पार्किंग, अतिक्रमण, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं नागरिक सुविधाओं का आकलन कर उनके प्रभावी एवं स्थायी समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करना था। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल ने विशेष रूप से आरडीसी क्षेत्र में लगातार लगने वाले जाम एवं अव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने पाया कि अनियोजित पार्किंग, सड़क किनारे वाहनों के खड़े होने तथा अव्यवस्थित गतिविधियों के कारण क्षेत्र में बार-बार यातायात बाधित होता है, जिससे आम नागरिकों, व्यापारियों एवं आगंतुकों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि आरडीसी क्षेत्र की समग्र पार्किंग व्यवस्था का पुनर्गठन करते हुए उपलब्ध स्थानों का वैज्ञानिक उपयोग सुनिश्चित किया जाए तथा जाम की समस्या के स्थायी समाधान के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत की जाए। निरीक्षण के दौरान व्हीकल-फ्री जोन का भी निरीक्षण किया गया। उपाध्यक्ष ने निर्देश दिए कि व्हीकल-फ्री जोन को उसके मूल उद्देश्य के अनुरूप प्रभावी ढंग से विकसित एवं संचालित किया जाए तथा क्षेत्र को नागरिकों के लिए अधिक सुरक्षित, व्यवस्थित एवं सुगम बनाया जाए। नंद किशोर कलाल ने आरडीसी क्षेत्र में लगी स्ट्रीट लाइटों एवं प्रकाश व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी खराब स्ट्रीट लाइटों को भी प्लान मे सम्मिलित करते हुए तत्काल ठीक कराया जाए तथा पूरे क्षेत्र में पर्याप्त एवं गुणवत्तापूर्ण प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे रात्रि के समय नागरिकों की सुरक्षा एवं आवागमन बेहतर हो सके। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित स्ट्रीट फूड एवं अन्य अस्थायी स्टॉलों का भी संज्ञान लिया गया। उपाध्यक्ष ने कहा कि इन अव्यवस्थित स्टॉलों के कारण न केवल सड़कें संकरी होती हैं, बल्कि गंदगी एवं जाम की समस्या भी बढ़ती है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अवैध अतिक्रमणों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए सुव्यवस्थित स्ट्रीट वेंडिंग जोन विकसित किया जाए, जिससे वैध वेंडिंग गतिविधियों को नियोजित स्थान उपलब्ध हो तथा सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण समाप्त किया जा सके।

# बॉक्सिंग चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दो स्वर्ण पदक जीते



» संवाददाता

बागपत। देहरादून स्थित सोशल बलूनी पब्लिकस्कूल में आयोजित सीबीएसई नॉर्थ जोनक्लस्टर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में इंद्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दो स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल और जिले का नाम रोशन किया है। विद्यालय के खिलाड़ी मास्टर कुंजचौहान ने अंडर-14 वर्ग में अपने दमदार मुक्कों और शानदार तकनीक का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता।

वहीं विद्यालयकी होनहार छात्रा कैरवी यादव ने अंडर-17वर्ग में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर स्वर्णपदक अपने नाम किया। दोनों खिलाड़ियों केशानदार प्रदर्शन के आधार पर उनका चयनसीबीएसई राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता केलिए भी हुआ है। विद्यालय के प्रबंधकअजय चौधरी ने विजेता खिलाड़ियों, उनके अभिभावकों एवं प्रशिक्षकों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता कठोर परिश्रम, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। विद्यालय के निदेशक अक्षय चौधरी ने कहा कि इंद्रप्रस्थ पब्लिक स्कूलके खिलाड़ी लगातार राज्य एवं राष्ट्रीय स्तरपर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ा रहे हैं।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राष्ट्रीय प्रतियोगितामें भी दोनों खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल उपाध्यायने दोनों स्वर्ण पदक विजेताओं की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। उनकी सफलता अन्य विद्यार्थियोंके लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने दोनों खिलाड़ियों काजोरदार स्वागत किया।

# एफएलएन शिक्षक प्रशिक्षण का समापन

» संवाददाता

बिनौली। बीआरसी बिनौली में एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों पर आधारित बुनियादी भाषा एवं संख्या ज्ञान (एफएलएन) शिक्षक प्रशिक्षण का सोमवार को समापन हो गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन शिक्षकों को अंग्रेजी भाषा शिक्षण के प्रभावी तरीकों, मूल्यांकन प्रक्रिया तथा समग्र प्रगति पत्र की उपयोगिता की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में एआरपी विशेष कुमार, राजीव कुमार, हरिमोहन, प्रवेंद्र तोमर और विरेन्द्र कुमार तोमर ने अंग्रेजी भाषा शिक्षण के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने गतिविधि आधारित शिक्षण, भाषा कौशल के विकास और विद्यार्थियों के सीखने के स्तर को बेहतर बनाने के प्रभावी तरीकों से शिक्षकों को अवगत कराया। साथ ही परीक्षा परिणाम और समग्र प्रगति पत्र तैयार करने की प्रक्रिया पर भी विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी बृजमोहन सिंह ने शिक्षकों को निपुण भारत की शपथ दिलाई तथा प्रशिक्षण में सीखी गई गतिविधियों को विद्यालयों में प्रभावी ढंग से लागू करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण में प्राची, प्रीती वर्मा, आरती शर्मा, दीक्षा चौधरी, महनाब, लवी, बिलाल, विशाल राणा, विनय कुमार सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

## ग्लिट्ज टीम ने 51 रन से मैच जीता

» संवाददाता

गाजियाबाद। गिरिराज क्रिकेट मैदान पर सोमवार को ग्लिट्ज टीम और टायकूंस के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। इसमें ग्लिट्ज टीम ने 51 रन से जीत हासिल की। टॉस जीतकर ग्लिट्ज टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 221 रन बनाए। समीर सिंह ने 105 और अतुल ने 54 रन की पारी खेली। विरोधी टीम से पुनीत और अंकित माथुर ने तीन-तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टायकूंस की टीम 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 170 रन ही बना पाई। नसीम अहमद ने 44 और हर्षित गुप्ता ने 29 रन का योगदान दिया। ग्लिट्ज टीम से गेंदबाजी में कप्तान जावेद खान ने तीन विकेट लिए।

## डीएम से नियमों के उल्लंघन की शिकायत की

» संवाददाता

गाजियाबाद। राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी में फायर सेफ्टी व्यवस्था को लेकर आरडब्ल्यूए फेडरेशन के मीडिया प्रभारी गौरव बंसल ने जिला अधिकारी से शिकायत की है। शिकायत में डीएम से उन्होंने तकनीकी जांच और कार्रवाई की उचित मांग की। शिकायत में बताया कि की सोसाइटी के एक टावर में कथित फायर सेफ्टी नियमों के उल्लंघन, फायर डक्ट पर अवैध कब्जे तथा ओवरहेड पानी की टंकी से निजी मोटर लगाकर डायरेक्ट पानी लिया जा रहा।

## उर्वरकों की जमाखोरी पर सख्ती

» संवाददाता

गाजियाबाद। जिले में उर्वरकों की कमी ना हो इसको लेकर सीडीओ ने कृषि विभाग को निर्देश दिए हैं। साथ ही सीडीओ ने कहा कि जिले में उर्वरकों की जमाखोरी में कालाबाजारी ना हो इसको लेकर अधिकारी निगरानी करें। सीडीओ कुमार सौरभ ने कहा कि अनुदानित उर्वरकों की बिक्री शत प्रतिशत पीओएस मशीन के द्वारा ही की जाए। वहीं उर्वरकों की बिक्री किसने की जोत वह भूमि के आधार पर की जाए।

# शिविरों में अग्निशमन विभाग का निरीक्षण

» संवाददाता

गाजियाबाद। कांवड़ यात्रा-2026 को सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन लगातार तैयारियों में जुटा हुआ है। इसी क्रम में अग्निशमन एवं आपात सेवा, गाजियाबाद की टीम ने जिले के विभिन्न कांवड़ मार्गों पर लगाए गए शिविरों का निरीक्षण कर अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने शिविरों में उपलब्ध अग्निशमन उपकरणों, बिजली व्यवस्था, रसोई क्षेत्र और आपातकालीन इंतजामों की जांच की। शिविर संचालकों और प्रबंधकों को श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने निर्देशित किया कि प्रत्येक शिविर में रेत, बालू और पर्याप्त मात्रा में पानी की व्यवस्था हर समय उपलब्ध रहनी चाहिए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में आग पर प्रारंभिक स्तर पर नियंत्रण पाया जा सके। इसके साथ ही सभी फायर एक्सटिंग्विशर को चालू हालत में रखने के निर्देश दिए गए।

अधिकारियों ने विद्युत वायरिंग और अस्थायी बिजली कनेक्शनों के सुरक्षित इस्तेमाल पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने ओवरलोडिंग से बचने, गैस सिलेंडरों को सुरक्षित और हवादार स्थान पर रखने तथा रसोई क्षेत्र को मुख्य पंडाल से अलग रखने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान यह भी कहा गया कि शिविरों में आपातकालीन निकास मार्ग हमेशा खुले और अवरोधमुक्त रखे जाएं। ज्वलनशील सामग्री को बिजली उपकरणों और आग के स्रोतों से सुरक्षित दूरी पर रखने की हिदायत दी गई। अग्निशमन एवं आपात सेवा, गाजियाबाद ने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान सभी प्रमुख मार्गों और शिविरों में लगातार निरीक्षण एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विभाग का उद्देश्य शिवभक्त श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना और किसी भी अप्रिय घटना की संभावना को कम करना है।

# डीसीपी कांवड़ मार्ग की परखी सुरक्षा व्यवस्था



» संवाददाता

गाजियाबाद। सावन माह की पवित्र कांवड़ यात्रा को सुरक्षित, व्यवस्थित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए गाजियाबाद पुलिस पूरी तरह सतर्क है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के तहत प्रशासन और पुलिस विभाग कांवड़ियों की सुरक्षा एवं सुविधाओं को लेकर लगातार तैयारियों का जायजा ले रहा है।

इसी क्रम में रविवार को पुलिस उपायुक्त नगर जोन/ट्रांस हिंडन धवल जायसवाल ने एसीपी साहिबाबाद अमित सक्सेना और पुलिस बल के साथ प्रसिद्ध दूधेश्वरनाथ मंदिर समेत कांवड़ यात्रा मार्गों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीसीपी ने सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग, भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन और संवेदनशील स्थानों पर तैनात पुलिस बल की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसीपी धवल जायसवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कांवड़ यात्रियों के सुरक्षित और सुगम आवागमन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने की स्थिति में प्रभावी भीड़ प्रबंधन, प्रमुख मार्गों पर लगातार निगरानी और पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए।

# कांवड़ मार्ग पर कमिश्नर-डीआईजी का निरीक्षण, ड्रोन और सीसीटीवी से निगरानी के निर्देश

» संवाददाता

मेरठ। श्रावण मास की कांवड़ यात्रा-2026 को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए सोमवार को मेरठ मंडल के कमिश्नर भानुचंद्र गोस्वामी और मेरठ रेंज के डीआईजी कलानिधि नैथानी ने गंगनहर पटरी कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने गाजियाबाद बॉर्डर से मुजफ्फरनगर बॉर्डर तक सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और कांवड़ियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। कमिश्नर और डीआईजी ने जानी पुल, भोला झाल, नानू पुल, दौराला पुल और सलावा झाल समेत प्रमुख कांवड़ पड़ावों और शिविरों का निरीक्षण किया। जानी थाना क्षेत्र स्थित भोला झाल पुलिस सहायता केंद्र और इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (ICCC) का भी जायजा लिया गया।

अधिकारियों ने देखा कि कांवड़ मार्ग की निगरानी CCTV, ड्रोन और आईपी कैमरों के जरिए की जा रही है। उन्होंने सभी तकनीकी संसाधनों को पूरी क्षमता के साथ संचालित रखने के निर्देश दिए। सुपर जोनल और जोनल पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। महिला पुलिसकर्मियों को महिला कांवड़ियों से लगातार संवाद बनाए रखने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने को भी कहा गया। निरीक्षण के दौरान मेडिकल कैंपों में स्वास्थ्य सुविधाओं, पेयजल, भोजन की गुणवत्ता, विद्युत सुरक्षा और स्वच्छता की स्थिति भी देखी गई। शिविर संचालकों को जहां कमियां मिलीं, वहां तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए गए। सड़क हादसों की रोकथाम के लिए मोबाइल पेट्रोलिंग और पिकेट ड्यूटी प्रभावी रखने के साथ संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए। संदिग्ध व्यक्तियों और गतिविधियों की चेकिंग पर भी विशेष जोर दिया गया। डीआईजी कलानिधि नैथानी ने कहा कि कांवड़ यात्रा को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



## मनु और जिया ने राइफल में प्रथम स्थान पाया

» संवाददाता

मेरठ। पिलौना स्थित महर्षि दयानन्द सरस्वती इंटर कालेज में सोमवार को माध्यमिक विद्यालयी जनपदीय शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्रधानाचार्य बाबूराम धामा, रोहित तोमर, भुवन शास्त्री, बबलू, राजेंद्र तथा अन्य अध्यापकों ने फीता काटकर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया। इसके पश्चात् भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों के साथ एक लघु बैठक की गई, जिसमें खिलाड़ियों को खेल के नियम, स्कोर तथा खेल भावना के प्रति जागरूक किया गया तथा खेलों के प्रति प्रोत्साहित किया गया। शूटिंग कोच कपिल धामा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जनपद के लगभग 9 विद्यालयों के 43 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता अंडर-14, अंडर-17 तथा अंडर-19 आयु वर्गों में, पिस्टल तथा रायफल दो श्रेणियों में सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में अंडर-14 छात्रा मनु शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया व अंडर -14 छात्र आर्य धामा ने प्रथम स्थान कृष्णा ने द्वितीय स्थान व अक्षित तोमर ने तृतीया स्थान प्राप्त किया।

## श्री सिद्ध चक्र महामंडल के भव्य विधान का आयोजन



» संवाददाता

मेरठ। आचार्य श्री 108 सौरभ सागर महाराज के सानिध्य में व श्री पुष्प वर्षा योग समिति के आथित्य में मंगलवार यानि आज से 11 अगस्त तक होने जा रहे श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान की तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी हैं। आज सुबह सुबह 6:00 बजे लगभग 700 इन्द्राणीयां, केसरिया साड़ी पहनकर, हाथों में नारियल जड़ित कलश में शुद्धि का जल लेकर जैन धर्मशाला, रेलवे रोड से जैन बोर्डिंग हाउस, रेलवे रोड पहुंचेंगी। इसके बाद जैन बोर्डिंग हाउस में श्री सिद्ध चक्र महामंडल के भव्य विधान का आयोजन शुरू होगा । सोमवार को प्रातः कालीन और सायं कालीन गुरु भक्ति में सैकड़ों भक्तों ने गुरुवर की चरण वंदना की और भक्ति की। आचार्य सौरभ सागर महाराज ने कहा कि जैन शासन में लिखा है कि जितने भी वैभव होते हैं, सब तिनके के समान हैं, जैन शासन के पहले भाग में तीर्थंकर, परमेष्ठी और णमोकार मंत्र सिखाया जाता है दूसरे भाग में गति, इंद्रिय, काय, योग, वेद, कषाय, चौदह मार्गना इत्यादि पढ़ाया जाता है, जिसने अपने आप को भगवान के सम्मुख कर लिया, वह भव्य है।

## केंद्रीय नियमन के दायरे में आए योग और प्राकृतिक चिकित्सा

» संवाददाता

मेरठ। भाजपा के मुख्य सचेतक एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने राज्यसभा में योग और प्राकृतिक चिकित्सा से जुड़ा मुद्दा उठाया। उन्होंने सदन के माध्यम से आयुष मंत्रालय से राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा प्रणाली आयोग अधिनियम, 2020 में संशोधन की मांग की है। वाजपेयी ने बताया कि गत दिनों राज्यसभा में योग और प्राकृतिक चिकित्सा से जुड़े विषय को उठाया गया। कहा कि भारत योग की जन्मस्थली है। हालांकि यह एक बड़ी विडंबना है कि जिस देश ने योग को वैश्विक पहचान दिलाई, उसी देश में योग और प्राकृतिक चिकित्सा आज भी केंद्रीय वैधानिक नियमन से वंचित हैं। केंद्रीय वैधानिक नियमन और आयोग के दायरे में न होने के कारण कई गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं।

शिक्षा, पंजीकरण, क्लिनिकल मानकों, उच्च शिक्षा और राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में असमानता उत्पन्न हो रही है। डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने आयुष मंत्री से आग्रह किया कि राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा प्रणाली आयोग अधिनियम, 2020 में शीघ्र संशोधन कर योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा को केंद्रीय वैधानिक नियमन के अंतर्गत शामिल किया जाए। साथ ही, बीएनवाईएस विद्यार्थियों एवं चिकित्सकों को समान अवसर उपलब्ध कराने की मांग की।

## नकली चौकी और फर्जी थानेदार-सीओ को लेकर बैठी जांच

» संवाददाता

मेरठ। नकली चौकी बनाकर वसूली गैंग खुद ही नकली सीओ, नकली थानेदार और दरोगा बनकर लोगों से रंगदारी वसूल रहा था। एक आरोपी राहुल के सीओ सौम्या अस्थाना और दर्जनों पुलिसकर्मियों के साथ फोटो-वीडियो सामने आए हैं। इन्हीं लोगों के साथ फोटो वीडियो का इस्तेमाल कर आरोपी वसूली की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे।

इस पूरे मामले में एसएसपी मेरठ अविनाश पांडेय ने एसपी सिटी विनायक गोपाल भोसले को जांच दी है। मोबाइल कॉल डिटेल और बाकी साक्ष्य जुटाने के लिए आदेश दिया गया है। ऐसे में तमाम पुलिसकर्मियों के खिलाफ भी कार्रवाई संभव है। ब्रह्मपुरी पुलिस ने शनिवार को वसूली गैंग का खुलासा किया था। इस दौरान राहुल पाल और उसके साथी आकाश को गिरफ्तार किया था, जबकि इनका एक साथी अभी फरार है। आरोपी राहुल पाल ने अपने मोहकमपुर कार्यालय को नकली पुलिस चौकी बनाया हुआ था।

लोगों को उठाकर लाकर यहीं पर रखता था और एनकाउंटर की धमकी देकर वसूली करता था। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद कई अन्य खुलासे हुए। आरोपी राहुल पाल की इंस्टाग्राम पर सीओ सौम्या अस्थाना, एक प्रशासनिक अधिकारी और दर्जनों पुलिसकर्मियों के साथ उसकी केक काटने, पार्टी करने की वीडियो है। इनमें से कुछ वीडियो में कुछ दरोगा राहुल के कंधे पर हाथ रखकर बैठे दिख रहे हैं। कुछ केट काट रहे हैं और कुछ होटल के कमरे में हैं।

## सारा रिजवी ने 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता

मेरठ। मेरठ में आयोजित शूटिंग प्रतियोगिता में 10 मीटर एयर पिस्टल में लावड़ निवासी सारा रिजवी ने स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विजेता निशानेबाज की उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। गणमान्य लोगों और समाजसेवियो बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। समाजसेवी मोहन सैनी स्वर्ण पदक विजेता के घर पहुंच कर ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित करते हुए कहा कि निशानेबाज सारा की उपलब्धि क्षेत्र की अन्य बेटियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। पदक विजेता ने दिखाया कि मेहनत, अनुशासन और लगन से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

## नमिनाथ-नेमिनाथ भगवान की वेदियों के जीर्णोद्धार का शुभारंभ

» संवाददाता

मेरठ। तीरगरान स्थित शांतिनाथ दिगंबर जैन पंचायती मंदिर में आचार्य सौरभ सागर महाराज के सानिध्य में सोमवार को नमिनाथ और नेमिनाथ भगवान की वेदियों के जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ हुआ। ध्वजारोहण सुरेंद्र जैन, अनिल जैन, प्रेमचंद और कोषाध्यक्ष हंस जैन ने किया। जैन समाज अध्यक्ष सुरेश जैन रितुराज, रितेश जैन ने देवाज्ञा लेकर संकल्प व्यक्त किया कि जीर्णोद्धार कार्य निर्धारित समय में पूर्ण कर भगवान को पुनः उनकी मूल वेदियों पर विधिवत विराजमान कराया जाएगा। पंडित संदीप जैन शास्त्री के निर्देशन में संगीत की स्वर लहरियों के बीच जिनबिंबों के विराजमान कराने की संपूर्ण धार्मिक प्रक्रिया संपन्न हुई। भगवान को नवीन अस्थायी वेदी में विराजमान कराने का सौभाग्य सनत कुमार जैन, संचय जैन, अमित जैन, पर्व जैन, मनोज जैन, नवकार जैन, अनुभव जैन और उमंग जैन को प्राप्त हुआ।

सौरभ जैन को चंवर लगाने, अजय जैन, दिव्यांश जैन को भामंडल लगाने, संयम जैन, आयुष जैन को छत्र लगाने और पीयूष जैन, मोहित जैन को मंदिर शिखर पर ध्वज स्थापित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। महिलाओं ने जल कलश लेकर वेदी शुद्धि में भाग लिया। पूरे मंदिर परिसर में धार्मिक उल्लास, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण का अद्भुत दृश्य देखने को मिला।

## विवि में निशुल्क सर्वाइकल (एचपीवी) वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन

» संवाददाता

मेरठ। चौधरी चरण सिंह विवि के महिला अध्ययन केंद्र द्वारा आनंदी मां: एक जीवन बचाओ अभियान के अंतर्गत कैंसर मुक्त भारत अभियान के तहत निशुल्क सर्वाइकल (एचपीवी) वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विवि वीसी प्रो. संगीता शुक्ला ने किया। उन्होंने छात्राओं एवं महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर विशेष बल देते हुए कहा कि समय पर टीकाकरण, नियमित स्वास्थ्य जांच तथा कैंसर के प्रति जागरूकता ही इस गंभीर बीमारी की रोकथाम का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने युवतियों से स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर खुलकर जानकारी प्राप्त करने तथा निवारक उपाय अपनाने का आग्रह किया। प्रो. भूपेंद्र राणा कुलसचिव, प्रो. बीरपाल सिंहकु लानुशासक, प्रो. बिंदु शर्मा-समन्वयक, महिला अध्ययन केंद्र, एवं प्रो. राकेश शर्मा डीन शिक्षा ने टीका लगवाने वाले छात्रों को प्रोत्साहित करने हेतु उपहार भी प्रदान किए गए।



कैंप का आयोजन डॉ. वैशाली पाटिल (प्राचार्य फार्मेसी) एवं डॉ. प्रमोद बंसल द्वारा किया गया। विश्वविद्यालय की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के अंतर्गत आयोजित इस शिविर में सभी प्रतिभागि छात्राओं को निशुल्क सर्वाइकल वैक्सीन लगाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा टीकाकरण के महत्व को प्रोत्साहित करना था। शिविर के सफल संचालन में डॉ. धर्मेंद्र कुमार, फार्मासिस्ट रीता रानी, वैशाली नेगी, अंजू मलिक, राखी सिंह तथा छात्र स्वयंसेवकों अंशिका, अदिति, अंजलि, आकांक्षा एवं अक्षित का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। आयोजन के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, चिकित्सकीय टीम तथा स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी महिलाओं के स्वास्थ्य एवं कैंसर जागरूकता से जुड़े ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।

## गुरुदेव के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया

» संवाददाता

मेरठ। जैन चेतना फोरम की सभा सोमवार को जैन बोर्डिंग हाउस में आचार्य सौरभ सागर महाराज के सानिध्य में हुई। सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से गुरुदेव को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद और मार्गदर्शन प्राप्त किया। सभी सदस्यों ने गुरुदेव के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। आचार्य श्री धार्मिक गतिविधियों के साथ सामाजिक सेवा को भी समान रूप से आवश्यक बताते हुए फोरम को इस दिशा में और अधिक सक्रिय होने का संदेश दिया। कम से कम एक बार अधिकाधिक सदस्यों के साथ विधान कराने का भी निर्देश दिया। अध्यक्षता पंकज जैन ने की। देवेंद्र जैन, संजीव, सुधीर, सुशील जैन, संजीव जैन, सनत जैन, आलोक जैन, अनुबंध जैन, रितेश मौजूद रहे।




## बिजली निगम कर्मियों एवं इंजीनियरों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

» एजेंसी। जींद

हरियाणा बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर सोमवार को नरवाना स्थित बिजली निगम के एक्सईएन कार्यालय पर कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान बिजली विभाग के निजीकरण, स्मार्ट मीटर योजना तथा कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए आगामी 11, 12 और 13 अगस्त को होने वाली तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल को पूरी ताकत से सफल बनाने का आह्वान किया गया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए संयुक्त संघर्ष मोर्चा के राज्य प्रधान सुरेश राठी ने कहा कि हरियाणा सरकार बिजली विभाग में निजीकरण को बढ़ावा देने, स्मार्ट मीटर योजना लागू करने तथा बिजली निगमों को कमजोर करने की दिशा में लगातार कदम उठा रही है। संयुक्त संघर्ष मोर्चा इन नीतियों का पुरजोर विरोध करता है और किसी भी कीमत पर बिजली विभाग के निजीकरण को सफल नहीं होने देगा।

## नेपाल में जिले के लक्ष्मी नारायण का जलवा, जीते तीन स्वर्ण

» एजेंसी। गुरुग्राम

संयुक्त भारतीय खेल फाउंडेशन के तत्वावधान में नेपाल के पोखरा में 23 से 27 जुलाई तक एसबीकेएफ अंतरराष्ट्रीय गेम्स का आयोजन किया गया। इसमें जिले के एथलीट लक्ष्मी नारायण ने 60 से अधिक आयु वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक जीतकर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में 30 वर्ष से लेकर 100 वर्ष तक के खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में हिस्सा लिया। 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए लक्ष्मी नारायण ने 3000 मीटर पैदल चाल में पहला स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

## ओपन तीरंदाजी प्रतियोगिता में काशीका वशिष्ठ ने जीता कांस्य

» एजेंसी। गुरुग्राम

स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के नॉर्दर्न रीजनल सेंटर, सोनीपत में दो अगस्त को फर्स्ट ओपन तीरंदाजी लीग का आयोजन किया गया। इसमें जिले की युवा तीरंदाज काशीका वशिष्ठ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने एक हजार रुपये का नकद पुरस्कार भी जीता। सोहना स्थित ताऊ देवीलाल स्टेडियम की खिलाड़ी काशीका ने अंडर-17 आयु वर्ग की रिकर्व राउंड (60 मीटर) स्पर्धा में बेहतरीन निशानेबाजी का प्रदर्शन कर तीसरा स्थान हासिल किया।

# कांवड़ यात्रा को लेकर कैथल पुलिस पूरी तरह अलर्ट

## सड़क से निर्धारित दूरी व बायीं तरफ ही लगाएं कांवड़ शिविर : डीएसपी बीर भान

» एजेंसी। कैथल

सावन माह में कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा यातायात को सुचारू रखने के उद्देश्य से जिला पुलिस कैथल ने व्यापक सुरक्षा एवं प्रबंधन संबंधी तैयारियां पूरी कर ली हैं। पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन के निर्देशानुसार जिलेभर में विशेष सुरक्षा प्रबंध लागू किए गए हैं ताकि कांवड़ यात्रियों को यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े तथा वे सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में अपनी धार्मिक यात्रा पूर्ण कर सकें। श्रद्धालुओं की सहायता एवं त्वरित पुलिस सहयोग उपलब्ध कराने के लिए जिला पुलिस द्वारा एक विशेष पुलिस कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या, सूचना अथवा सहायता की आवश्यकता होने पर श्रद्धालु कंट्रोल रूम के हेल्पलाइन नंबर 74969-88595 पर संपर्क कर सकते हैं। किसी भी आपात स्थिति में तुरंत डायल-112 पर सूचना देकर पुलिस सहायता प्राप्त की जा सकती है। पुलिस द्वारा प्राप्त प्रत्येक सूचना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।




इस संबंध में जानकारी देते हुए डीएसपी बीर भान ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन ने जिले के सभी थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारियों एवं संबंधित अधिकारियों को कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा यातायात संचालन को सुचारु रखने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। सभी अधिकारियों को संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने तथा श्रद्धालुओं को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के आदेश जारी किए गए हैं।

डीएसपी बीर भान ने कांवड़ यात्रियों से अपील करते हुए कहा कि सभी श्रद्धालु यातायात नियमों का पालन करें तथा सड़क के बायीं ओर निर्धारित स्थान पर ही चलें। समूह में यात्रा करने वाले श्रद्धालु अनावश्यक रूप से पूरी सड़क घेरकर न चलें, जिससे अन्य वाहन चालकों को भी किसी प्रकार की परेशानी न हो। रात्रि के समय यात्रा करने वाले श्रद्धालु रिफ्लेक्टिव जैकेट अथवा चमकीले कपड़ों का प्रयोग करें ताकि दूर से उनकी पहचान आसानी से हो सके। किसी भी प्रकार की अफवाह पर विश्वास न करें और किसी संदिग्ध व्यक्ति अथवा वस्तु दिखाई देने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें।

डीएसपी ने शिविर संचालकों से अपील करते हुए कहा कि सभी कांवड़ शिविर निर्धारित नियमों के अनुसार ही लगाए जाएं। शिविर का पंडाल सड़क से कम से कम 10 फुट अंदर लगाया जाए तथा सड़क दुर्घटनाओं की संभावना को कम करने के लिए शिविर आने की दिशा के बायीं ओर ही स्थापित किया जाए। शिविरों के बाहर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न किया जाए जिससे यातायात बाधित हो। उन्होंने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान जिले में 4 प्रमुख पुलिस नाके स्थापित किए गए हैं, जहां पुलिस कर्मियों की चौबीसों घंटे ड्यूटी रहेगी। इसके अतिरिक्त 17 पुलिस राइडर लगातार गश्त करेंगे तथा 7 पेट्रोलिंग पार्टियां निर्धारित मार्गों पर सक्रिय रहकर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करेंगी।

# आमजन की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर करें समाधान : एसडीएम संजय

» एजेंसी। कैथल

एसडीएम संजय कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार द्वारा आयोजित समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान का सशक्त माध्यम है। इसका उद्देश्य नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं का समाधान उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इसलिए सभी अधिकारी प्रत्येक शिकायत की गंभीरता से जांच करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

एसडीएम संजय कुमार सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।



समाधान शिविर के दौरान सेक्टर-20 निवासी दिलशेर सिंह ने अपनी शिकायत में बताया कि गांव कोटड़ा स्थित उनके खेत में स्थापित 10 किलोवाट क्षमता का सोलर पंप तूफान एवं बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है। सोलर पंप की कई प्लेटें टूट गई। संबंधित कंपनी में शिकायत दी, लेकिन अभी तक ठीक नहीं हुआ। इस शिकायत को डीडीए को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा गया।

इसी प्रकार अंबाला रोड निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी कि पंजाब नेशनल बैंक के पास स्थित गली में मोटरसाइकिलों एवं अन्य वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग के कारण रास्ता अवरुद्ध रहता है, जिससे स्थानीय निवासियों को आवागमन में कठिनाई होती है।

गांव काकौत निवासी रामनिवास ने शिकायत में आरोप लगाया कि गांव का एक व्यक्ति उनके साथ गाली-गलौच करता है तथा जान से मारने की धमकी देता है।

## शिकायतों की गुणवत्तापूर्ण एटीआर पोर्टल पर एंट्री हो सुनिश्चित: हितेंद्र

» एजेंसी। गुरुग्राम

आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम हितेंद्र कुमार ने लोगों की समस्याएं सुनीं। संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इन शिविरों का उद्देश्य आमजन को एक ही स्थान पर विभिन्न समस्याओं का सरल और समयबद्ध समाधान उपलब्ध कराना है। शिविर में बिजली, पानी, परिवार पहचान पत्र, बुढ़ापा पेंशन सहित अन्य मामलों की सुनवाई की गई और अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया गया। शिविर के दौरान कुल 13 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिन मामलों का तुरंत समाधान संभव नहीं था, उन्हें निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। साथ ही यह भी कहा गया कि सभी शिकायतों की गुणवत्तापूर्ण एटीआर पोर्टल पर एंट्री सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी प्रकरण को दोबारा खोलने की आवश्यकता न पड़े। एसडीएम ने कहा कि समाधान शिविर प्रशासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का माध्यम है, जिससे लोगों को पारदर्शी सेवाएं मिल रही हैं।

# मंत्री ने किया 28 करोड़ के विकास कार्यों का उद्घाटन

» एजेंसी। पलवल

हरियाणा सरकार में खेल एवं कानून राज्य मंत्री गौरव गौतम ने सोमवार को करीब 28 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। पलवल जिले के खादर क्षेत्र के गांव थंथरी स्थित राजकीय उच्च विद्यालय में आयोजित समारोह में मंत्री गौरव गौतम ने ग्राम पंचायत थंथरी के लिए इन परियोजनाओं का शिलान्यास किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के समग्र विकास, युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है और खादर क्षेत्र को विकास की नई पहचान दिलाई जाएगी। खेल राज्य मंत्री ने गांव थंथरी में स्वागत द्वार, विभिन्न संपर्क मार्गों का निर्माण, स्कूल में इन्वर्टर एवं बैटरी, सीसीटीवी कैमरे, समरसीबल हैंडपंप, नॉलेज सेंटर, खेल सामग्री, 150 स्ट्रीट लाइट, जनरल एवं हरिजन चौपाल, मोक्षधाम गेट, कुओं का सौंदर्यीकरण, जलापूर्ति व्यवस्था, सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग द्वारा ट्यूबवेल एवं बूस्टर, नालियों एवं रैंप निर्माण सहित अनेक विकास कार्यों का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया।

इसी प्रकार गांव की फिरनी, विभिन्न संपर्क मार्गों, खेल नर्सरी, ई-लाइब्रेरी, जलापूर्ति व्यवस्था, जोहड़ विकास तथा श्मशान घाट तक रास्तों सहित अनेक विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया। उन्होंने कहा कि इन विकास परियोजनाओं से ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और क्षेत्र के विकास को नई दिशा प्राप्त होगी। वहीं, सभा को संबोधित करते हुए खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि सरकार समाज में भाइचारे और सौहार्द को मजबूत करने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने ग्रामीणों से आपसी विवाद गांव में ही आपसी सहमति से सुलझाने की अपील करते हुए कहा कि सामाजिक एकता ही गांवों की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने युवाओं से विशेष आग्रह किया कि वे नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहकर खेलों को अपनाएं। उन्होंने कहा कि नशामुक्त हरियाणा, खेलयुक्त हरियाणा प्रदेश सरकार का संकल्प है।

## नई गाड़ी में आग, मालिक ने मांगी धनवापसी

» एजेंसी। फरीदाबाद

फरीदाबाद में खरीदी गई एक नई बहुउद्देशीय वाहन में खरीद के केवल 21 दिन बाद आग लगने का मामला सामने आया है। घटना में वाहन पूरी तरह जल गया। वाहन स्वामी ने कंपनी से लगभग 25 लाख रुपये की धनवापसी अथवा नई गाड़ी उपलब्ध कराने की मांग की है। फतेहपुर बिल्लौच निवासी चिकित्सक प्रिंस ने बताया कि उन्होंने 10 जुलाई को एक शोरूम से लगभग 25 लाख रुपये में वाहन का सर्वोच्च संस्करण खरीदा था। उनका आरोप है कि खरीद के कुछ ही दिनों बाद वाहन में तकनीकी खराबियां सामने आने लगीं और इंजन के तेल के रिसाव की समस्या भी उत्पन्न हो गई थी। प्रिंस के अनुसार शिकायत के बाद वाहन को कंपनी के सेवा केंद्र पर मरम्मत के लिए दिया गया था। दो दिन बाद वाहन ठीक होने की सूचना देकर उन्हें वापस सौंप दिया गया। उन्होंने बताया कि 01 अगस्त की शाम जब वह अपने गांव लौट रहे थे, तभी रास्ते में वाहन में अचानक आग लग गई।

# जीवन में संतुलन बाहरी साधनों से नहीं, बल्कि साधना से आता है: बीके आशा

» एजेंसी। गुरुग्राम

ब्रह्माकुमारीज संस्थान के सेक्टर-82 स्थित सेवाकेंद्र द्वारा प्रभात सेलिब्रेशंस में अनिश्चित संसार में आंतरिक संतुलन विषय पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर ओआरसी की निदेशिका राजयोगिनी बीके आशा दीदी ने अपना वक्तव्य दिया। बीके आशा दीदी ने कहा कि आंतरिक संतुलन बाहरी साधनों से नहीं, बल्कि साधना से आता है। उन्होंने कहा कि तेजी से बदलते इस दौर में आध्यात्मिकता ही मनुष्य का सच्चा सहारा है, जो हमें आंतरिक रूप से शक्तिशाली बनाती है। राजयोग के अभ्यास से न केवल सकारात्मक परिवर्तन आता है, बल्कि जीवन तनाव और भय से भी मुक्त होता है। उन्होंने आगे कहा कि आत्मा का मूल स्वरूप शांत है, लेकिन भौतिक आकर्षणों के प्रभाव में आकर इसकी शक्ति क्षीण हो गई है। राजयोग के निरंतर अभ्यास से आत्मा पुनः अपने वास्तविक स्वरूप में लौट आती है। योग से एक ऐसी शक्ति जागृत होती है, जिससे हम कठिन परिस्थितियों में घबराने के बजाय उन्हें साक्षी भाव से देखना सीख जाते हैं। इस विशेष अवसर पर अंतरराष्ट्रीय प्रेरक वक्ता बीके शिवानी दीदी ने कहा कि बाहरी परिस्थितियां हमेशा हमारे नियंत्रण में नहीं होतीं, लेकिन अपने विचारों और प्रतिक्रियाओं को सही दिशा देकर मन को शांत और स्थिर रखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि हम जैसा सोचते हैं, वैसी ही ऊर्जा अपने संबंधों और वातावरण में प्रवाहित करते हैं।

मालिक, मुद्रक व प्रकाशक रंजीत सिंह ने युरेशिया प्रिंटिंग प्रेस, 270, फूलबाग कालोनी सूरज कुण्ड रोड, मेरठ-250001 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर कार्यालय : म0स0 1 सतीश चंद्र भवन, रिठानी पूठा रोड, निकट रेलवे क्रासिंग, मेरठ-250103 (उ0प्र0) से प्रकाशित किया।
सम्पादक : रंजीत सिंह आरएनआई नं0 UPHIN2001/03844